तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 17 नवंबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 विधायक ने किया साहू समाज के भवन निर्माण..


12 स्कूलों में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस...


## खबर संक्षेप

### शराब पिलाने की सुविधा देने वाले पर कार्रवाई



**महासमुंद।** घर के सामने शराब पीने की सुविधा देने वाले व्यक्ति पर सांकरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम ढाबाखार में एक व्यक्ति अपने घर के सामने में आम लोगों को शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शराब पिलाने की सुविधा देने वाले कन्हैया रात्रे पिता रिखीराम रात्रे (46 साल) ढाबाखार को पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### शराब जब्ती के दो मामलों में आरोपियों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले बागबाहरा और बसना थाना क्षेत्र में शराब जब्ती के दो मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि ग्राम पठारीमुड़ा में आरोपी नीलकमल साहू के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1800 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(क) आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। बसना पुलिस ने बताया कि वार्ड नं 05 मंजनीमाटी बसना में आरोपी केशरराम कोसरिया पिता स्व बालकराम कोसरिया (53 साल) के कब्जे से 17 नग देशी प्लेन शोले शराब कुल कीमत 1530 मरुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

**हादसा :** बसना थाना क्षेत्र के मंडलपुर जंगल की है घटना

# हाथी देखने की ख्वाहिश में गई 17 वर्षीय बच्चे की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बसना विकासखंड के उत्तर पूर्वी सरहद इलाके के आसपास बीते वर्षों से हाथियों का झुण्ड समय समय में भोजन की तलाश में धान फसल पकने के समय धमाचौकड़ी मचाते हैं। बीते शाम किसानों के खेत व सीमावर्ती जंगल में लगे घरजरा से तीन-चार सौ ग्रामीण अपने गांव से 1 किलोमीटर की दूरी पर मंडलपुर जंगल में डेरा डाले 28 हाथियों के दल को देखने के लिए गए थे। जिसमें 11वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र बसंत यादव भी पहुंचा था। जब रात्रि 8 बजे के आसपास हाथी ग्रामीणों को देख दौड़ाने लगा, तब जान बचाने के लिए गांव के लोग इधर-उधर भागने लगे। इसी बीच खेत में खोदे गए कुआं में गिरने से 17 वर्षीय छात्र बसंत यादव की पानी में डूबने से मौत हो गई। बसंत यादव पिता दुकालू राम यादव के मामा हरि लाल यादव ने बताया कि वह घरजरा का निवासी है। उसका भांजा बसंत यादव पिता दुकालूराम यादव 17 साल ग्राम बुंदेलाभाटा थाना बसना घरजरा के स्कूल में उसके घर में रहकर 11वीं कक्षा में पढ़ाई करता था। संध्या 7:30 बजे के आसपास गांव के तीन चार सौ ग्रामीण गांव से 1 किलोमीटर दूर मंडलपुर जंगल में डेरा डाले 25 से अधिक हाथियों के दल को देखने के लिए गये थे। मंडलपुर जंगल के पास खेत में लगे धान के फसल को हाथियों का दल खा रहा था। इसी बीच 3-4 सौ ग्रामीणों को देखकर हाथियों का दल दौड़ाने लगा। इसी बीच जान बचाकर भाग रहे ग्रामीणों के साथ बसंत यादव रात के अंधेरे में गांव के गहकी लाल पिता कार्तिक राम के खेत में खोदे गए 4 फीट चौड़ाई एवं 15 फीट गहरा कुआं में गिरकर वह पानी में डूब गया। पानी पी लेने के कारण उसकी दम घुटने से वह गंभीर हो गया। बाद में इसकी जानकारी उसके मामा हरि लाल यादव को दी गई। गंभीर रूप से घायल बसंत यादव को उपचार के लिए सरायपाली अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना सरायपाली थाने में दी गई। बसंत यादव के पिता दुकालू राम यादव, माता रथ बाई यादव, उसके बड़े भाई गोपाल यादव मेहनत मजदूरी करने के लिए जम्मू कश्मीर गए हैं। उनके आने तक शव को सुरक्षित रखने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना के फ्रीजर में रखने के लिए लाया गया है। मृतक के माता-पिता व भाई कल तक आएंगे। पश्चात उनका दाह संस्कार किया जाएगा। फिलहाल, पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना करने में जुटी हुई है।



# प्लांट द्वारा किए जा रहे सरकारी जमीन पर कब्जे के मामले में किसान आज देंगे बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**करणी कृपा पावर प्लांट के बाउंड्री**

- **हाईवे की जमीन पर प्लांट बना रहा था , एफआईआर की मांग**



पावर प्लांट कर रहा था एनएच की जमीन पर अवैध सड़क निर्माण, ग्रामीणों ने किया जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हाईवे की जमीन में अवैध रूप से कब्जा कर अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए निजी खर्च में बनाए जा रहे सड़क का विरोध ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। इसी तारतम्य में राष्ट्रीय राजमार्ग की संपत्ति खसरा क्रमांक 88,89, 89/1,90,99/2 की सरकारी भूमि में करणी कृपा पावर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा करोड़ों रुपए की सड़क अपने व्यक्तिगत व्यापार के लिए बनाते हुए अवैध तौर पर उक्त सरकारी भूमि का मालिक बनने की तैयारी की जा रही है।

इस मामले को लेकर पिछले डेढ़ वर्ष से राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा ने आपत्ति कर दस्तावेज की मांग की थी। संबंधित द्वारा न्यायालय में भी दस्तावेज नहीं दिया और शासकीय भूमि पर बलात कब्जा कर रखा गया। शासकीय काबिल कास्त भूमि कारखाना का निर्माण किया गया है और सरकारी जमीन पर किए जा रहे अवैध सड़क निर्माण को 12 नवंबर को आसपास के चार गांव के किसानों ने जमींदोज कर दिया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को डेढ़ वर्ष से चले आ रहे अवैध सड़क निर्माण कार्य के प्रयास से संबंधित सभी प्रमाणित दस्तावेज एफआईआर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। सैकड़ों किसान इस अवैध सड़क निर्माण को जमींदोज करने के दौरान मौजूद रहे। उक्ताशय की जानकारी छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के राज्य आंदोलनकारी अशोक कश्यप ने दी।

वॉल के भीतर की कुल 8 खसरे की सरकारी जमीन के संदर्भ में उच्च न्यायालय के आदेश और मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भी परिपालन नहीं हो रहा। किसानों ने इस मामले को लेकर पदयात्रा करते हुए राजधानी कूच करने का निर्णय लिया। किसानों और आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री निवास में आत्मदाह की चेतावनी दी थी। किसानों की मानें तो इसके बाद से मुख्यमंत्री जनदर्शन ही बंद कर दिया गया। किसानों की मानें तो जनदर्शन नही अब सीधे मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बात रखी जाएगी।

इधर, पावर प्लांट द्वारा सरकारी जमीन में किए जा रहे अवैध निर्माण को ढहाए जाने और अवैध निर्माण की शिकायत करते हुए प्लांट प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग को लेकर किसानों को आज उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) द्वारा जिला मुख्यालय में पेश होने कहा गया है।

**फॉलोअप**

बता दें सरकारी जमीन पर प्लांट द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को ढहाने के साथ हाईवे की सरकारी जमीन पर कब्जा करने की मंशा से कम्पनी के संचालक निर्णय चौधरी, मैनेज मनोज वर्मा स्वयं निर्माण करा रहे थे। किसानों के विरोध के बाद एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग आईजी, एसपी सहित स्थानीय आरक्षी केंद्र में भी किसानों द्वारा की गई थी। जिसकी जांच के लिए किसानो को आज पुलिस द्वारा तलब किया गया है। 11 नवंबर को प्लांट द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण के संदर्भ में मौके पर मौजूद मैनेजर मनोज वर्मा से किसानों ने सड़क निर्माण की अनुमति के संदर्भ में पूछताछ की। 11 नवंबर को अवैध सड़क निर्माण के लिए प्रयासरत करणी कृपा पावर प्रा.लि. के अवैधानिक कार्यों की खुलासा हो गया। किसानों की मांग है कि समस्त दस्तावेजों की जांच कर करणी कृपा पावर प्रा.लि. के कर्ताधर्ताओं के खिलाफ अपराध दर्ज किया जाए।

# सब्जी चोरी का आरोप लगा महिला की बेदम पिटाई, 9 के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एक महिला पर सब्जी चोरी का आरोप लगा उनके साथ जमकर मारपीट की, मारपीट का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अब इस मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 74, 75(2), 296, 115 (2),190, 191(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार तुमगांव के भाटापारा वार्ड 14 निवासी नीरा साहू (35) 13 अक्टूबर की सुबह पांच बजे अपनी बाड़ी में काम कर रही थी तभी उसे अमरूद के पेड़ से अमरूद गिरने की आवाज आई। पेड़ के पास पहुंची, वहां अमरूद तो नहीं, पड़ोसी संतराम साहू मिला। महिला से संतराम ने गलत काम करने कहा जिस पर महिला ने मना कर दिया। जिससे संतराम ने गुस्से में महिला को पीटा और जबरन उठाकर अपनी बाड़ी में ले गया और सब्जी चोरी करने का आरोप लगाते हुए मारपीट करने लगा। संतराम ने अपने परिजनों को बताया कि नीरा उनकी बाड़ी से सब्जी चोरी कर ले जा रही थी जिसे उसने पकड़ लिया है। संतराम की बात सुनते ही परिजनों ने उनसे मारपीट की। महिला के साथ मारपीट का वीडियो बना सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। उक्त महिला पर सब्जी चोरी करने का आरोप लगाकर 9 लोगों ने बेदर्दी से मारपीट की है कि महिला तीन दिन तक बिस्तर से उठ नहीं पाई। तीन दिन बाद शुक्रवार शाम तुमगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस ने संतराम साहू, जय लाल साहू, सुशील साहू, मनीष साहू, चंदन साहू, हितेश साहू, हरिश साहू, रामकुंवर साहू, प्रेम लाल साहू के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**9981131365, 9098324969**



## खबर संक्षेप



### स्टाल में माटी कला से बने शिक्षण सामग्री रहे आकर्षण का केंद्र

**महासमुंद।** महान आदिवासी क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जिला पंचायत में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विभागीय स्टाल के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग ने डीएमसी कमल नारायण चंद्राकर के मार्गदर्शन एवं बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा के निर्देशन में प्राचीन धरोहर को म्यूजियम के रूप में संग्रहित कर प्रस्तुत किया। माटी कला से बने शिक्षण सामग्री भी आकर्षण के केंद्र रहे। जिसमें भाषाई कौशल और गणितीय संक्रियाएं टीएलएम से सिखाए जाने की प्रक्रिया प्रस्तुत कर आगंतुकों बताया गया। स्टाल में जादुई पिटारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें स्कूल में कराए जा रहे गतिविधि को प्रदर्शित किया गया। साथ ही मुस्कान पुस्तकालय और सेल्फी जोन विशेष आकर्षक का केंद्र रहा। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के टीएलएम का प्रदर्शन उत्साही सक्रिय पीएलसी सदस्यों के द्वारा प्रदर्शित किया गया। स्टाल के अवलोकन में सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, भाजपा नेता थान सिंह दीवान, प्रकाश शर्मा, सतपाल पाली, पवन पटेल, शिल्पा साय एवं जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन किया। शिक्षा विभाग के स्टाल को सजाने में विकासखंड महासमुंद के प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी के भारती सोनी, केआर सोनवानी, गोमती साहू, खेमिन साहू, दुर्गा यादव, रामनाथ यादव, प्रेम चंद्राकर, नीलकंठ यादव, हेमलाल चक्रधारी, संकुल समन्वयक गणेश टंडन, मनोज साहू, पवन साहू, ए चंद्रशेखर डोरा, केशव साहू, भुनेश्वर साहू का योगदान रहा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का ऑनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के समस्त 189 नगरीय निकायों में छग शासन के आदेश से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का ऑनलाइन फार्म भरा जाना प्रारंभ किया जा रहा है, जो कि छग के शहरी गरीब आवासहीन परिवार के लिए महती योजना बताते हुए पार्षद एवं भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवीचंद राठी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, छग के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रजीत सिंघ का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में अटकी योजना को मोदी की गारंटी के तहत भाजपा की सरकार के पहली प्राथमिकता गरीबों का आवास निर्माण था। जिसके तहत 8 लाख आवास ग्रामीण अंचल में निर्माणाधीन है। शहरी क्षेत्र में 15 नवम्बर से ऑनलाइन आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के नाम से प्रारंभ हो गई है, जो कि पांच वर्षो तक जारी रहेगी। इस योजना में कई घटक के लोग लाभ ले सकते है। जो पहले आवास का लाभ नही लिया है वे भी लाभ प्राप्त कर पाएंगे, जिनका आवेदन पूर्व में मैनुअल रूप से जमा किये है ऐसे हितग्राही को भी ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आधार कार्ड पूरे परिवार का, आय प्रमाण पत्र, गरीबी रेखा राशन कार्ड, बैंक पास बुक फोटोकापी, 31 अगस्त 2024 के पूर्व उक्त निकाय में निवासरत होने का प्रमाण पत्र, भूमि संबंधी दस्तावेज, देश में कही भी पक्का आवास न हो का शपथ पत्र, गत 20 वर्षो से आवासीय योजना से लाभ प्राप्त न होने का शपथ पत्र के साथ आय प्रमाण पत्र लगेगा। राठी ने कहा कि दलालों से सावधान रहे। नियम के तहत सभी गरीब परिवार को लाभ मिलेगा। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी व संबंधित विभाग प्रमुख से भी कहा कि गरीबों की इस महती योजना में कोताही, लापरवाही बर्दाश्त नही होगी। अलग से एक कर्मचारी को आवास योजना की जानकारी के लिए अलग से प्रशिक्षित कर जनता को सरल तरीके से जानकारी उपलब्ध कराने के लिए बिठाए तथा मुनादी वार्डो में कराई जाएगी।

### मारपीट के आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** जन्मदिन पार्टी के दौरान गाली गलौज और मारपीट मामले में बसना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। ग्राम फुलवारी निवासी अमित कुमार सूर्या ने रिपोर्ट लिखाई है कि 14 नवंबर को बडे भाई राहुल सूर्या के बच्चे के जन्म दिन में मैं भी शामिल था। जहां गांव का दिलीप दीप ने खाना कम हो गया है कहते हुए गाली गलौज शुरू कर दिया। मना करने पर वह प्रार्थी से गाली गलौज कर भाग गया। थोडी देर बाद प्रार्थी और उसके जीजा अभिषेक सोना बाइक से शंकर दीप के यहा कार्तिक चतुर्दशी आंवला भोज का कार्यक्रम में गए। जहां आरोपी दिलीप दीप भी खड़ा था। रात करीब 8 बजे फिर गाली गलौज करना शुरू कर दिया। प्रार्थी ने बताया जब जीजा अभिषेक सोना को उतारकर अपने घर जाने के लिए मोटर सायकल चला ही रहा था कि उसी समय लोहे के पाइप से आरोपी न सिर में पीछे तरफ मार दिया।

## कार में अचानक ब्रेक लगने से बाइक टकरा गई, एक की मौत

**महासमुंद।** एनएच 53 ग्राम छांदनपुर के पास कार में अचानक ब्रेक लगा देनें से पीछे आ रही बाइक उससे टकरा गई, जिससे बाइक में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई । पुलिस ने बताया कि मृतक प्रवीण सिंह पिता मनफेर सिंह (45 साल) ढाबाखार थाना सांकरा 13 नवंबर को अपने रिश्ते के नाती पेलेक मुन्ना पिता नरेश मुन्ना (15 साल) के साथ अपने मोटर सायकल एसपी साईन सोल्ड में अपने बैंक के काम से सरायपाली गया था। वाहन को प्रवीण सिंह चला रहा था, काम पूरा होने के बाद वे लोग घर वापस आ रहे थे, शाम करीबन 6.30 बजे एनएत 53 रोड में ग्राम छांदनपुर थाना बसना के पास पहुंचे थे तभी मोटर सायकल के सामने चल रहे अज्ञात वाहन ब्रेजा कार के चालक ने अपने वाहन को उपेक्षापूर्ण एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बिना इंडीकेटर देए अचानक रोक दिया जिससे मोटर सायकल कार से टकरा गई। जिससे बाइक में सवार प्रवीण सिंह व पेलेक मुन्ना गिर गए। गिरने से प्रवीण सिंह को गंभीर चोट आई व उससी मौत हो गई। वहीं पेलेक मुन्ना को साधारण चोट आई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात वाहन ब्रेजा कार के चालक के खिलाफ धारा 281, 125 ए), 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## बाइक सवार से डेढ़ लाख का गांजा जब्त

**महासमुंद।** बाइक के जरिए गांजा तस्करी कर रहे एक व्यक्ति से डेढ़ लाख रुपए का 10 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नीले कलर की बिना नंबर मोटर सायकल में अवैध मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहा है। सूचना के बाद एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद मुखबिर के बताए अनुसार होंडा शाइन बाइक में सवार होकर एक व्यक्ति वहां पहुंचा। जिसे रोककर उसकी तलाशी ली गई। उक्त व्यक्ति के पास रखे बैग से 10 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 150000 रुपए को बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विनोद कुमार श्रीवास (नापिक) पिता भैयालाल श्रीवास (नापिक) (45 साल) पपरौडी (खूंटाटोला) थाना जैतहरी जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश होना बताया। इसके अलावा आरोपी के कब्जे से मोटरसाइकिल, एक मोबाइल जब्त करते हुए धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया।

### जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर निबंध स्पर्धा में पूनम व रंगोली में पिंकी रही प्रथम

**महासमुंद।** लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार जिला शिक्षा शिक्षा कार्यलय के निर्देशन में एसएल पाटकर प्राचार्य के मार्गदर्शन में जनजातीय गौरव माह अंतर्गत जनजातीय समाज के गौरव शाली अतीत को रेखांकित करने के लिए विद्यालय स्तर पर निबंध व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पूनम चंद्राकर 11वीं ब प्रथम व खुशी चंद्राकर 11वीं ब से द्वितीय स्थान पर रहे। दोनों बच्चों ने जनजातियों के जीवन शैली उनके संस्कृति रहन-सहन खान पान को अपने निबंध पर वर्णन करते हुए बताया कि जनजातीय ही देश के असली मूल निवासी हैं। जिनकी मूल संस्कृति अलग अलग क्षेत्र में भिन्न-भिन्न है। ये विशुद्ध रूप से प्रकृति पूजक हैं। प्रकृति के रक्षक भी हैं। जिनके जीवन शैली साधारण है अपने में मस्तमौला जीवन यापन करते हैं। निडर व लड़ाकू भी होते हैं, इस कारण देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भी अहम भूमिका रहा है। इसी क्रम में रंगोली प्रतियोगिता में पिंकी निषाद 11वीं प्रथम व ममता साहू 9वीं द्वितीय स्थान रही, जिन्होंने शहीद वीरनारायण सिंह, वीरांगना रानी दुर्गावती, बिरसा मुंडा को स्मरण करते हुए रंगोली के माध्यम से उनके चित्र उकेर कर उनके जीवन गौरव गाथा को जीवंत प्रस्तुत करने का प्रयास किए हैं। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि जनजातीय ही मूल रूप से मूल निवासी हैं। इनकी संस्कृति को हम सब को सहेजना है। जनजातीय समाज आदि काल से शासक वर्ग रहे हैं। बाद में विदेशी आक्रांताओं ने उन पर बलात आक्रमण कर उनके अस्तित्व को मिटाने का प्रयास किये हैं। देश के स्वाधीनता में भी उनके बलिदान अग्रणी रहा है। अतः उनके बलिदान को नमन करते हुए उनके धरोहर को अक्षुण बनाये रखने का हम सब की कर्तव्य है। इस अवसर पर शिक्षक स्टाफ से एसएल पाटकर, पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, तुलेंद्र सागर, नवीन चंद्राकर, किरण पटेल, तारिणी कहार,महेश्वरी साहू, वीके तिवारी, कुन्ती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, आराधना साहू, सेवनदास मनुकपुरी, विनोद वर्मा, मनीष साहू, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, कार्यालयीन स्टॉप में शकुंतला सोनी, सुषमा सागर, रूखमणी साहू, प्रदीप यादव , जागेश्वरी गोस्वामी, योगेश्वरी चंद्राकर, बीएड के छत्राध्यापक एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने मनाई के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू की जयंती, देश हित में किए कार्यों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस भवन में आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू के जयंती मनाई गई। पंडित नेहरू के जन्म दिवस को सारा देश बाल दिवस के रूप में मनाता है। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री की शपथ 15 अगस्त 1947 के पहले 1946 में अंतरिम सरकार में भी पंडित जवाहरलाल नेहरू को प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया। तत्पश्चात आजादी के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू 15 अगस्त 1947 से 27 में 1964 तक भारत देश का नेतृत्व किया 17 साल तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में काम किया।

अंग्रेजों ने करीब 500 देशी रजवाड़ों को एक साथ स्वतंत्र किया था और उस समय सबसे बड़ी चुनौती थी उन्हें एक झंडे के नीचे लाना। उन्होंने भारत के पुनर्गठन के रास्ते में उभरी हर चुनौती का समझदारी पूर्वक सामना किया। जवाहरलाल नेहरू ने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने योजना आयोग का गठन किया, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास को प्रोत्साहित किया और तीन लगातार पंचवर्षीय योजनाओं का शुभारंभ किया। उनकी नीतियों के कारण देश में कृषि और उद्योग का एक नया युग शुरु हुआ। नेहरू ने भारत की विदेश नीति के विकास में एक प्रमुख भूमिका निभायी। जवाहरलाल नेहरू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और आज़ादी की लड़ाई के प्रमुख नेता थे। उन्होंने महात्मा गांधी की धार्मिकता और परंपरावाद को आधुनिकतावादी दृष्टिकोण से संतुलित किया। उन्होंने उदारवादी समाजवादी आर्थिक सुधारों को लागू किया। पंडित नेहरू ने भारत को औद्योगीकरण की नीति के लिए प्रतिबद्ध




किया। नेहरू ने भारत के दावे का समर्थन करने के लिए कश्मीर में सेना भेजी थी, नेहरू ने शीत युद्ध की पृष्ठभूमि में भारत के लिए 'सकारात्मक तटस्थता' की नीति विकसित किया। पंडित नेहरू ने अपने जीवन में नौ बार जेल का तजुर्बा किया व जेल में ही तीन किताबें लिखीं, जिनमें से एक किताब का नाम 'डिस्कवरी ऑफ़ इंडिया' था नेहरू ने 1930 और 1940 के दशक में भारतीय राष्ट्रवादी आंदोलन का नेतृत्व किया था। नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज वर्तमान भारत जिस स्थिति में है और पूरे विश्व भारत की ओर आशा की निगाहों से देख रहा है विश्व शांति का सबसे बड़ा समर्थक देश माना जा रहा है तो उसका करण प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के गुटनिरपेक्ष नीति के कारण ही है जिनके कारण और समय के दो शक्तिशाली नेतृत्व अमेरिका व संयुक्त राष्ट्र संघ से अलग रहकर जो नीतियां पंडित जवाहरलाल नेहरू ने बनाई जिसका परिणाम है कि भारत आज एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में जाना जाता है वरना 14 अगस्त 1947 को पाकिस्तान भी आजाद हुआ था जिसकी आज क्या हालत है देशवासी जानते हैं ऐसे महान प्रधानमंत्री को सारा राष्ट्र नमन करता है।

जयंती के कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉ.रश्मि चंद्राकर, खिलावन बघेल बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं शहर अध्यक्ष, आलोक चंद्राकर पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन, राशि महिलांग अध्यक्ष नगर पालिका, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, गौरव चंद्राकर महामंत्री, पार्षद निखिलकांत साहू, राजेश नेताम, सरपंच ब्रिजेन बंजारे, पूर्व पार्षद तुलसी साहू, मो.शकील खान, लखन चंद्राकर, पूर्व एल्डरमैन सुनील चंद्राकर, अनवर हुसैन, जावेद चौहान, निर्मल जैन, अधिवक्ता भरत ठाकुर, लता कैलाश चंद्राकर, कविता तिवारी सेवादल, अजय थवाईत, अक्षय राव साकरकर, प्रकाश अजमानी, लीलू साहू, टोमन सिंग कागजी, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, नितेंद्र बैनर्जी, खेमराज ध्रुव, एरिस अनवर, लक्ष्मी सोनी, ईशा टंडन, सोनम रामटेके, रत्नेश साहू, युवराज साहू, तुलसी देवदास, भरत बुंदेला, दीपेश रामटेके, पूनाराम घृतलहरे, चंद्रसेन जांगड़े, इब्राहिम कुरैशी, कृष्णा, भानु सोनी आदि मौजूद रहे।

### राज्य कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

**महासमुंद।** शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन छत्तीसगढ़ राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय इकाई की बैठक प्रांत कार्यालय शहीद भगत सिंह चौक तेलीबांधा में हुई। बैठक में राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी, प्रदेश महामंत्री अश्वनी चेलक, प्रांतीय उपाध्यक्ष रिखी राम साहू, संगठन मंत्री बोधीराम निषाद एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से महासमुंद के जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें राज्य कर्मचारी संघ जिला महासमुंद के जिलाध्यक्ष पद हेतु प्रकाश टंडन व्याख्याता हाइ स्कूल चुरकी, जिला उपाध्यक्ष नितेश श्रीवास्तव पटवारी, जिला सचिव खगेंद्र तारक शिक्षक स्टेशनपारा, सहसचिव नीरज वर्मा, पटवारी, संगठन सचिव राधेश्याम सोनी सहायक ग्रेड-2 लाफिनखुर्द, कार्यालय सचिव जैनेंद्र चंद्राकर शिक्षक झारा एवं जिला कोषाध्यक्ष रणधीर सोनी डाटा एंट्री ऑपरेटर भू अभिलेख शाखा महासमुंद शामिल है। संघ द्वारा सभी कर्मचारियों को अपने पद एवं दायित्व के अनुरूप कार्य करने एवं जिले में संघठन के कार्य विस्तार करने के लिए नियुक्तियां की गई। संघठन की ओर से अश्वनी तिवारी, मनीष श्रीवास्तव, उत्तम वर्मा, राजेश डडसेना, चंदन डडसेना, सुदेश कन्नौजे, राकेश थवाइत, संतोष ध्रुव, राकेश यादव, चेतन ठाकुर, विनय सिन्हा आदि ने हर्ष जताया है।

## जनस्वावलंबन कनेक्ट केंद्र का फ्री उद्योग पंजीयन शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्रीजन कल्याण समाज सेवी संस्था महासमुंद के प्रमुख हेमलता ने बताया कि सिडनी एवं एक्सिस लाईवलीहुड द्वारा संचालित जिला महासमुंद के जन स्वालंबन कनेक्ट केंद्र द्वारा 14 नवंबर को सब्जी बाजार बस स्टैंड महासमुंद में सूक्ष्म एवं लघु मध्यम उद्योग का उद्यम पंजीयन हेतु फ्री एमएसएमई शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम चलाने वाले सभी सदस्य पंजीयन कराकर उद्यम रजिस्ट्रेशन का लाभ ले सकें। जोनल आफीसर खुशी गौतम द्वारा बताया गया कि व्यापार में सरकारी योजनाओं का लाभ, बैंकों में लोन लेने में आसानी, अपने व्यापार का एक पंजीकृत लायसेंस, व्यापार में सरकारी योजनाओं के तहत सब्सिडी का लाभ ले सकते हैं। शिविर के दौरान जन स्वालंबन कनेक्ट केंद्र संचालिका हेमलता ने उद्योग का उद्यम पंजीयन के लिए आवश्यक



दस्तावेज आधार कार्ड, पैनकार्ड बैंक, पासबुक, क्यूआर कोड आवश्यक है। पंजीयन के बाद भी हमारा टीम उद्यमी के तीन तरह का पूरा सेवा निरंतर जारी रखता है। इनक्यूबेशन के पहले उद्यम विश्लेषण व्यापक उद्यम स्वास्थ्य रिपोर्ट, ईएपी और ईडीपी प्रशिक्षण इन्क्यूबेशन के दौरान उद्यम पंजीकरण, पेन और बैंक एमएसएमई पंजीकरण डिजीटल भुगतान प्रणाली, वित्तीय संधि (3) इनक्यूबेशन के बाद उद्यम क्षमता निर्माण, मार्केट संधि, मेंटरशिप सपोर्ट, उद्यम प्रणाली की स्थापना में सहायता आदि शामिल है। शिविर के दौरान लघु सूक्ष्म और मध्यम उद्यमी शबाना बेगम, हरिराम राम साहू, धीरपाल टंजन, पुरुषोत्तम साहू, देवनारायण साहू, महेंद्र यादव, अनुसुइया गुप्ता आदि सदस्यों ने अपने उद्यम का फ्री पंजीयन कराया। कार्यक्रम में जन स्वालंबन कनेक्ट टीम से देवकुमारी, हीना साहू, विष्णुप्रिया आदि का विशेष सहयोग रहा है।

### न्योता भोजा का आयोजन



**महासमुंद।** नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी माध्यम विद्यालय नयापारा में 14 नवंबर को बाल दिवस के उपलक्ष्य मां नेवता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# बाल दिवस पर महिला सदस्यों ने बच्चों के साथ खेलकूद व अन्य गतिविधियों में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

बाल दिवस पर मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा सरायपाली ने किड्स प्ले स्कूल में जाकर बच्चों के साथ खास पल बिताए। इस मौके पर मंच की सभी महिला सदस्यों ने बच्चों के साथ खेल-कूद और अन्य गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों ने मंच की महिला सदस्यों को अपने बीच पाकर खूब उत्साह दिखाया। महिलाओं ने भी बच्चों के साथ खुलकर मजा किया। इस दौरान बच्चों को चॉकलेट, पेंसिल और रबर जैसे उपहार भी दिए गए, जिससे बच्चे बेहद खुश हुए। मारवाड़ी युवा मंच की इस पहल से न केवल बच्चों का दिन यादगार बना, बल्कि



समाज में एक सकारात्मक संदेश भी गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से मंच ने बच्चों के प्रति अपना प्रेम और स्नेह व्यक्त किया। बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मंच की एक सदस्य ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। हमें उन्हें प्रेम और स्नेह देना चाहिए, ताकि, वे एक अच्छे नागरिक बन सकें। स्कूल के प्रधानाचार्य ने मारवाड़ी युवा मंच का इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मारवाड़ी युवा मंच शहर में सामाजिक कार्यों के लिए जाना जाता है।

# आदिवासियों पर अत्याचार कर जनजातीय दिवस मनाने का औचित्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जल, जंगल, जमीन बचाने लड़ रहे आदिवासियों पर अत्याचार भगवान बिरसा मुंडा का अपमान

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें प्रणाम करते हुए पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि एक ओर पूरे प्रदेश में आदिवासियों पर अत्याचार हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रदेश की भाजपा सरकार जनजातीय दिवस मनाने का ढोंग कर रही है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जननायक थे, उन्होंने आदिवासी समुदाय को जल, जंगल, जमीन के बारे में जागरूक किया और उन्हें अपने हक की लड़ाई लड़ने की प्रेरणा दी।

आज भगवान बिरसा मुंडा की प्रेरणा से आदिवासी समाज जल, जंगल, जमीन बचाने जूझ रहे हैं। अपने अधिकार व हक की लड़ाई लड़ने वाले आदिवासियों पर भाजपा की साय सरकार लाठियां बरसा रही है। पूरे देश में आदिवासियों पर अत्याचार करना भाजपा की नीति बन गई है, जो आदिवासी सदियों से जंगलों के मालिक हैं, उन्हें बेदखल किया जा रहा है, ताकि अडानी की खदानें चल सकें। छत्तीसगढ़ में संविधान की पांचवी अनुसूची के क्षेत्र समाप्त कर दिए गए हैं? इसके तहत संरक्षित क्षेत्र से आदिवासियों को बेदखल किया जा रहा है। आदिवादियों के जल, जंगल और जमीन के अधिकार और पुरखों की विरासत का नष्ट करने का काम भाजपा कर रही है।



ऐसे में जनजातीय गौरव दिवस मनाने का कोई औचित्य नहीं। पूरे प्रदेश में आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ा है। जंगल बचाने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करने वालों को पुलिस बल के माध्यम से खदेड़ा जा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों द्वारा थोपी गई ज़मींदारी प्रथा, जबरन धर्म परिवर्तन और आदिवासी लोगों के पारंपरिक जीवन पर अत्याचारों के खिलाफ़ लड़ाई लड़ी। धरती आबा बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश शासन और उनके अत्याचारों के खिलाफ उलगुलान आदिवासी विद्रोह का नेतृत्व किया। आदिवासी समाज भगवान बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलने वाला समाज है। उन्हीं की प्रेरणा से अपने अधिकार व हक की लड़ाई आदिवासी लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने आदिवासियों की सम्मान व उनके अधिकार को सुरक्षित रखने विधानसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया था कि हसदेव अरण्य क्षेत्र में पेड़ नहीं काटे जाएंगे। भाजपा ने भी प्रस्ताव का समर्थन किया था, लेकिन आज आदिवासियों के विरोध के बावजूद जंगल खाली करने को कहा जा रहा है और विरोध करने पर आदिवासी भाई-बहनों पर अत्याचार किया जा रहा है।

# विखं महासमुंद में अशासकीय स्कूलों के संस्था प्रमुखों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड के बीआरसी भवन में समस्त अशासकीय विद्यालयों के संस्था प्रमुखों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न शैक्षिक मुद्दों और योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता कमल नारायण चंद्राकर, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा महासमुंद ने की।

इस अवसर पर एपीसी सम्पा बोस, डाइट महासमुंद के सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान, व्याख्याता संतोष साहू और बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसमें यू-डायस पूर्णताः सभी संस्था प्रमुखों को यू-डायस के डेटा की पूर्णता सुनिश्चित करने की



दिशा में निर्देश दिए गए। यह डेटा शैक्षिक योजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपार आईडी पूर्णताः शिक्षा विभाग द्वारा लागू किए गए अपार आईडी के डेटा को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए सभी संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया। इससे विद्यार्थियों की जानकारी और सुविधा में सुधार होगा। जाति प्रमाण पत्र की समीक्षाः जाति प्रमाण पत्रों की सही और समय पर सत्यापन को लेकर भी विशेष चर्चा की गई। यह प्रक्रिया विद्यार्थियों के लिए सरकारी योजनाओं और छात्रवृत्तियों के लाभ को सुनिश्चित करने में सहायक होगी। दिव्यांग बच्चों के लिए योजनाएंः दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष दिव्यांग छात्रवृत्ति और अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। परख टेस्ट की तैयारीः आगामी परख टेस्ट की तैयारी को लेकर विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। संस्था प्रमुखों को परख टेस्ट के लिए परीक्षा प्रश्नपत्र तैयार करने, समय प्रबंधन और निष्पक्ष मूल्यांकन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। बैठक के दौरान कमल नारायण चंद्राकर ने कहा कि शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए सभी पहलुओं पर ध्यान दिया जा रहा है और शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यों को समय पर और सही तरीके से पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संस्था प्रमुखों से कहा कि वे सुनिश्चित करें कि सभी निर्देशों का पालन पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ किया जाए।

# सात सूत्रीय मांगों को लेकर आधार ऑपरेटरों की हड़ताल कल से

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ आधार सेवा समिति के तत्वावधान में राज्य के सभी ऑपरेटर 3 दिवसीय सांकेतिक हड़ताल करेंगे। यह हड़ताल 18 नवंबर से 20 नवंबर तक राज्य स्तरीय सांकेतिक हड़ताल होगा। जिसमें महासमुंद जिले के सभी ऑपरेटर भी शामिल होंगे। जिसकी जानकारी शरद कुमार सोनी (जिलाध्यक्ष), राकेश कुमार साहू, विकास साहू, केके चंद्राकर, सावित्री धीवर द्वारा दी गई। साथ ही आधार ऑपरेटर की 7 बिंदुओं का ज्ञापन पत्र महासमुंद के डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा को सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में लगभग 2000 से अधिक आधार ऑपरेटर चिप्स एजेंसी के अंतर्गत विगत 7 वर्षों से लगातार आधार पंजीयन एवं अपडेशन के कार्य करते आ रहे हैं। यूआईडीएआई ने आधार केंद्र को लेकर नए गाइडलाइन जारी किये हैं, इसके अनुसार पूरे राज्य के आधार केन्द्रों को जो शासकीय परिसर में संचालित है जिन्हें इन हाउस मॉडल में शिफ्ट किया जाना है। इसमें गाइडलाइन अनुसार आधार केंद्रों में आधार किट (लैपटॉप फिंगर स्लैप आईरिस फोकस लाईट, कैमरा, जीपीएस) एजेंसी चिप्स द्वारा आधार केंद्रों को मुहैया कराई जाएगी। चिप्स एजेंसी के पास ऐसी कोई किट की जानकारी नहीं है, ऐसी स्थिति में जो चिप्स एजेंसी के अंदर कार्य कर रहे हैं उनका कार्य बंद होने की स्थिति बन रही है। इससे आधार ऑपरेटर बेरोजगारी की कगार में हैं। इसी के भरासे उनके परिवारों का भरण-पोषण चलता है। कुछ दिन पहले एजेंसी द्वारा आधार केंद्रों को इन हाउस मॉडल में शिफ्ट करने के लिए जिला स्तर पर एग्रीमेंट कराया है। समस्त आधार ऑपरेटर ने संयुक्त रूप से बताया कि आधार में कार्य कर रहे राज्य के समस्त आधार संचालक जिनका नए एवं अनिवार्य अपडेट का कमीशन भुगतान पूर्व में दिसंबर 2022 तक भुगतान किया है, परन्तु उसके बाद का भुगतान आज तिथि तक नहीं किया है, शासन द्वारा समय-समय पर शिविरों में आधार ऑपरेटर को भेजा जाता है। यदि किसी ऑपरेटर के साथ किसी प्रकार की दुर्घटना हो जाती है, तो उसे किसी भी प्रकार का मुआवजा शासन से नहीं मिलता है। कई बार आधार सेंटरों में ऑपरेटरों से मारपीट तथा दुर्व्यवहार हुआ है। आधार मशीनों को क्षति पहुंचाई गई है।

## खबर संक्षेप



### झालखम्हरिया सोसाइटी में धान खरीदी शुरू

**महासमुंद।** गुरुवार को ग्रामीण सेवा सहकारी समिति झालखम्हरिया में नाप तौल की पूजा अर्चना एवं किसानों का तिलक लगा व मुंह मीठा कराकर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस दौरान भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, किशन लाल साहू, हिरदे राम साहू, सखा राम साहू, लव चंद्राकर, विमल ध्रुव, समिति प्रबंधक बीआर साहू, लिपिक युवराज साहू, नरेंद्र सेन, इवन चंद्राकर, काशीराम यादव, ऑपरेटर यशवंत चंद्राकर, राकेश साहू सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

### तहसील कार्यालय बसना में कर्मचारियों के कार्य विभाजन का आदेश जारी

**महासमुंद।** तहसील कार्यालय बसना में कार्यों के सुचारू संचालन के लिए कर्मचारियों के मध्य कार्य विभाजन का आदेश जारी किया गया है। तहसीलदार बसना ममता ठाकुर ने जारी आदेश में तहसील कार्यालय के तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को विभिन्न शाखाओं में नवीन कार्य सौंपे हैं। जिसमें मुकेश कुमार तिवारी (सहायक ग्रेड-3) को नायब नाजिर शाखा में कार्य यथावत रखा गया है। वहीं, जयनारायण भोई (सहायक ग्रेड-3) को सूचना का अधिकार, शिकायत शाखा, आवक-जावक और वन अधिकार से जुड़े कार्य सौंपे गए हैं। रीना पांडेय (सहायक ग्रेड-3) को डब्ल्यूबी शाखा और दाण्डिक शाखा के साथ-साथ कानूनगो शाखा और प्रतिलिपि शाखा के कार्य भी देखना होगा। उत्तरा कुमार चौहान (सहायक ग्रेड-3) को वाचक, नायब तहसीलदार बसना और प्रतिलिपि शाखा, जन्म मृत्यु, सहायक डब्ल्यूबीएन का कार्य दिया गया है। चित्रांगना साहू को सहायक वाचक तहसीलदार एवं इंदिरा चौहान को न्यायालय तहसीलदार बसना का कार्य यथावत सौंपा गया है। इसके अलावा मालती रात्रे सहायक ग्रेड-3 को वाचक नायब तहसीलदार बसना, नंदिनी ध्रुव राजस्व भृत्य को माल जमादार और रामायण निषाद राजस्व भृत्य को सहायक माल जमादार की नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

### दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर 26 से

**महासमुंद।** भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), जबलपुर द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के सहयोग से निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत महासमुंद जिले में दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण, कैलिपर्स और कृत्रिम अंग वितरण के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 26 नवंबर से 28 नवंबर तक प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। शिविर का आयोजन जिले के तीन प्रमुख स्थानों पर किया जाएगा। जिसमें बीआरसी केंद्र, महासमुंद में मंगलवार 26 नवंबर 2024 को, ग्राम पंचायत लहरौद, पिथौरा में बुधवार 27 नवंबर एवं केंद्रीय विद्यालय, सरायपाली में गुरुवार 28 नवंबर को आयोजन किया जाएगा। शिविर में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है, जिसमें यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र (22,500 रुपए से कम मासिक आय या बीपीएल राशन कार्ड), आवासीय प्रमाण पत्र, और तीन पासपोर्ट साइज फोटो शामिल हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अधिक से अधिक दिव्यांगजन लाभान्वित हो सके इसके लिए संबंधित अधिकारियों को शिविर की व्यापक जानकारी प्रसारित करने के लिए निर्देशित किया है।

**समीक्षा बैठक : अवैध धान खरीदी और परिवहन पर सख्ती से करवाई करें**

# किसानों की सुविधा का ध्यान रखें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कलेक्टर विनय लंगेह ने वन विभाग के ट्रेनिंग हाल में जिले के समस्त समिति प्रबंधक, केंद्र प्रभारी और सुपरवाइजरों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान आवक से पहले ही नमी का टोकन कटे हुए किसानों के द्वारा लाए गए धान का फड़ में अंदर लाने एवं गुणवत्ता का परीक्षण कर लें। तत्पश्चात ही फड़ में धान अंदर कराएं। किसी भी स्थिति में समितियों में 05 बजे के बाद धान की खरीदी ना हो। फड़ में रखे रिजेक्टेड तथा अधिक नमी वाले धान को 05 बजे के पहले उठा लिया जाए। ताकि उसी दिन स्टेकिंग कर लिया जाए। किसानों को जारी टोकन के आधार पर धान खरीदी के लिए उपार्जन केंद्र में किसान उपस्थित होने उपरांत ही किसानों को नया एवं पुराना बारदाना उपलब्ध कराया जाए। किसी भी स्थिति में किसानों को बारदाना खरीदी के पूर्व उपलब्ध नहीं कराया जाए। खरीदी केंद्रों में सभी पंजी संधारित रखा जाए। टोकन रजिस्टर धान आवक रजिस्टर, बारदाना वितरण रजिस्टर, धान खरीदी रजिस्टर, तौल कांटा रजिस्टर स्टेक रजिस्टर, धान जावक रजिस्टर, निरीक्षण पंजी आदि।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में धान के बोरों की किस्मवार तथा नये पुराने बारदाने में भर्ती के आधार पर स्टेकिंग की जाए। स्टेंसिल खरीदी केंद्रों को उपलब्ध कराए गए नए बारदाने में समिति का नाम, पंजीयन नंबर एवं धान की किस्म की छपाई अनिवार्य रुप से की जाए। धान के बोरों की सिलाई जूट रस्सी (सुतली) से करे। प्लास्टिक के रस्सी का उपयोग नहीं करना है। किसान से धान खरीदी करते समय किसान द्वारा खरीदी हेतु जारी कराए गए टोकन एवं उनके द्वारा प्रस्तुत ऋण पुस्तिका में दर्ज रकबे का मिलान कर लिया जाए। बचत रकबे का समर्पण किसान की सहमति लेकर किया जाए। सभी उपार्जन केंद्र में औसत अच्छी गुणवत्ता (एफएक्यू) के धान के किस्सवार सैंपल किसानों के अवलोकन के लिए अनिवार्य रुप से प्रदर्शित किया जाए। उपार्जन केंद्र में नमी की जांच कर किसी भी स्थिति में 17 प्रतिशत से अधिक नमी का धान क्रय नहीं किया जाए। सीसीटीवी कैमरा सभी उपार्जन केंद्रों में अनिवार्य रुप से चालू स्थिति में लगा होना चाहिए। इलेक्ट्रानिक कांटा बाट इस वर्ष सभी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी हेतु इलेक्ट्रानिक कांटा-बाट का ही उपयोग किया जाए। विशेष परिस्थितियों में मैन्युअल कांटे बांट का उपयोग अनुविभागीय अधिकारी (स.) के अनुमति से किया जाए। सुरक्षा के उपाय आकस्मिक वर्षा से बचने के लिये पर्याप्त मात्रा में डैनेज (प्लास्टिक बोरी, भूसा) के कैप कवर व्यवस्था हो साथ ही स्टेक के आस-पास नाली निर्माण कर लिया जाए। धान खरीदी केंद्र में यदि किसी व्यक्ति द्वारा गांव की औसत उपज से अधिक मात्रा धान विक्रय के लिए टोकन जारी कराया जाता है तो तत्काल इसकी जांच करे कि क्या उस व्यक्ति के पास उपलब्ध धान किसी खरीफ मौसम में उत्पादित धान है। यदि ऐसा ना होकर अन्यत्र तरीकों से एकत्रित धान हो तो किसी भी स्थिति में उक्त धान का क्रय खरीदी केंद्र में ना किया जाए। पंजीकृत किसानो की सूची सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ऐसे किसानों की सूची जिनके द्वारा विगत वर्ष में धान विक्रय नहीं किया गया था कि सूची उपलब्ध कराई गयी है। उक्त सूची धान खरीदी केंद्रों में संधारित रखा जाए और ऐसे व्यक्ति के भूमि के विरुद्ध धान विक्रय हेतु किसी के द्वारा टोकन लिया जाता है तो तत्काल संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को अवगत कराए तथा अनुविभागीय अधिकारी द्वारा जांच निष्कर्ष अनुसार उस व्यक्ति से धान की खरीदी की जाए। कोचिया, बिचौलिया पर नियंत्रण चिल्हर रुप से धान खरीदी करने वाले कोचियों/बिचौलियों के द्वारा समिति में धान लाकर अन्य किसानों के पंजीयन में खपाने का प्रयास किया जाता है। ऐसे व्यक्तियों से धान खरीदी ना कर इसकी सूचना संबंधित नोडल अधिकारी को तत्काल दी जाए। सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थापित चेक पोस्ट से अन्य राज्य से आने वाले धान की निगरानी चेक पोस्ट पर तैनात दल द्वारा की जा रही है। अन्य राज्य से अवैध धान परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर उक्त वाहन तथा धान जब्त करने की कार्रवाई अनिवार्य रुप से की जाए। किसानो के द्वारा लाए गए धान के किस्म का पर्याप्त परीक्षण कर एंट्री करें। पतले धान का निराकरण में समस्या होती है। धान के स्टेकिंग किस्मवार मोटा, पतला, सरना एवं नया पुराना बारदाना के आधार पर निर्धारित मापदंड में एकरुपता हो। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैकरा, खाद्य अधिकारी अजय यादव, डीएमओ टिकेंद्र राठौर, नान आदि नारायण, नोडल अधिकारी आशीष शर्मा मौजूद रहे।



### भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**महासमुंद।** 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर महासमुंद में जनजातीय गौरव दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस दिन को जनजातीय समाज के महानायक भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को स्मरण करते हुए जनजातीय गौरव और सांस्कृतिक धरोहर को समर्पित किया गया। इस विशेष अवसर पर जिला पंचायत महासमुंद और पिरामल फाउंडेशन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिसमें पेसा, एफआरए अधिनियम और पीडीआई जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरुकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदायों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में ग्रामीण समुदाय के सदस्य, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने भाग लिया। यह आयोजन ग्रामीण स्तर पर जनजातीय समाज की प्रगति, अधिकारों और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था। इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन, एस्पिरेशनल भारत कोलैबोरेटिव और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान का विशेष सहयोग रहा। इन संस्थानों ने जनजातीय समुदायों की समृद्धि और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए इस अभियान का समर्थन किया और उनके सशक्तिकरण हेतु प्रतिबद्धता दिखाई।



### खैरा में कार्तिक पूर्णिमा पर आंवला भात का आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम खैरा में जय भोले समिति द्वारा कार्तिक पूर्णिमा आवला भात का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जय भोले समिति की महिलाओं ने आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना एवं भजन, कीर्तन गायन कर किया। समिति अध्यक्ष दुर्गा ध्रुव ने कार्तिक पूर्णिमा के महत्व को बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने का बहुत महत्व है। इस दिन गंगा स्नान करने से पूरे वर्ष गंगा स्नान करने का फल मिलता है। इस दिन दीपदान और मां लक्ष्मी की विशेष रूप से पूजा करने पर शुभ फलों की प्राप्ति में वृद्धि होती है। समिति की वरिष्ठ सदस्य दामिनी साहू ने कहा कि आंवला भगवान विष्णु का सबसे प्रिय फल है और आवला के वृक्ष में सभी देवी देवताओं का निवास होता है इसीलिए इसकी पूजा का प्रचलन है। आवला वृक्ष की पूजा करने से देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस अवसर पर आवाला भात का भंडारा रखा गया। कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्य दुर्गा ध्रुव, दामिनी साहू, फुलेश्वरी चंद्राकर, जानकी चंद्राकर ,अनिता चंद्राकर, नर्मदा ध्रुव, रामायण ध्रुव, शिवानी ध्रुव, निधि ध्रुव, चिंकी ध्रुव, टिकेश्वरी चंद्राकर, लक्ष्मी चंद्राकर, गंगा चंद्राकर, मोना चंद्राकर, दुलारी साहू, देवी चंद्राकर, ममता साहू, मोनिका साहू, अम्मू विश्वकर्मा आदि थे। यह जानकारी ग्राम खैरा निवासी कृष्ण कुमार साहू ने दी है।



### विधायक ने गुरुद्वारा में मत्था टेक कर लिया आशीर्वाद

**बसना।** नगर स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा एवं गुरुनानक देव के 555वीं जयंती (प्रकाश पर्व) पर नगर स्थित गुरुद्वारा पहुंच कर पूजन किए तथा क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना करते सभी को गुरु नानक देव की जयंती की शुभकामनाएं दी।



### जनजाति गौरव दिवस पर हुई चित्रकला स्पर्धा

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल बड़गांव में बाल दिवस पर कविता व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। जिसमें कविता, जनजातीय कर्मा नृत्य और मोर छत्तीसगढ़ महतारी, राऊत नाचा प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्काउट गाइड तृतीय सोपान जांच शिविर चंडी बिरकोनी में शामिल हुए 8 स्काउट और 4 गाइड को प्राप्त प्रमाण पत्र तथा इनाम का वितरण किया गया। इसके अलावा जनजाति गौरव दिवस अंतर्गत जनजातीय नायकों की रंगोली से चित्र छात्रों द्वारा बनाई गई। जिसमें गोदावरी, अनिता निषाद, अनिता साहू, ममता निषाद, अपर्णा प्रथम और खेमू निषाद, पल्लवी निषाद, सोनाली चक्रधारी, राधिका चक्रधारी द्वितीय स्थान पर रहे। जनजाति समाज का सांस्कृतिक योगदान पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें जाह्नवी निषाद प्रथम रही। महेश कुमार ध्रुव व्याख्याता का जनजाति गौरव दिवस रायपुर में सम्मानित होने पर बधाई दी गई। कार्यक्रम के पहले शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकनाथ चक्रधारी अध्यक्ष, संस्था प्रमुख अनिल वर्मा, पालक सदस्य शतानंद निषाद, राकेश कुमार जांगड़े, मिलऊ पटेल, व्याख्यातागण महेश कुमार ध्रुव, सुनील साहू, सूर्य बाला ठाकुर, रेखा राजपूत, सामबती यादव व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सिख समाज की शोभायात्रा का निखिलकांत ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर में सिख समाज द्वारा गुरु नानक देव की 555वीं प्रकाश पर्व पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा का स्थानीय नेहरू चौक में युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व नपा सभापति निखिलकांत साहू ने स्वागत किया। निखिल ने पंजप्यारों को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा भव्य रथ में विराजित गुरु ग्रंथ साहेब की पूजा कर समाज, नगर, प्रदेश व देश की खुशहाली, अमन, भाईचारा के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव का जीवन, उनका संदेश और उनकी शिक्षाएं हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके आदर्श और शिक्षा पर चलकर हम समाज में प्रेम, एकता और समरसता का संचार कर सकते हैं। इस दौरान उन्होंने शोभायात्रा में शामिल समस्त संगत को आइसक्रीम का वितरण किया। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व पार्षद राजू साहू, पूर्व पार्षद लखन चंद्राकर, पूर्व एल्डरमैन सुनील चंद्राकर, राजा सोनी, जिलाध्यक्ष एनएसयूआई शाहबाज़ राजवानी, रत्नेश साहू, कान्हा प्रधान, शुभम चंद्राकर, शंकर नेताम, अब्दुल सुफियान, होरिलाल साहू, युवराज कन्नौजे, हर्ष ध्रुव, सन्नी यादव, आयुष भोसले, बिट्टू साहू, मोहित यादव, गुरुदयाल माणिकपुरी सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी युवा उपस्थित रहे।

### शोभायात्रा का किया स्वागत



**महासमुंद।** गुरू नानक देव की 555वीं जयंती प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे से भव्य शोभा यात्रा नगर के सिख समाज द्वारा निकाली गई। जिसमें शामिल होकर भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू लोहिया चौक के पास पंज प्यारे व शोभायात्रा का स्वागत किया गया। तुषार ने कहा कि गुरु नानक देव द्वारा मानवता की सेवा के लिए कार्य करने के रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने यह शिक्षा दी थी, सभी इंसान एक है और हम सब को आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए और मानवता की सेवा करनी चाहिए।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

# प्रकाश पर्व की धूम, गुरुद्वारा में कीर्तन के बाद लगा आम लंगर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

**बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने भी गुरुद्वारा में माथे टेककर नगर वासियों की सुख-समृद्धि की कामना किए**

गुरुनानक देव की 555 वीं जयंती (प्रकाश पर्व) नवनिर्वाचित अध्यक्ष जसवंत सिंह सलूजा के मार्गदर्शन पर शुक्रवार को धूमधाम से मनाई गई। स्थानीय गुरुद्वारा में शुक्रवार को सुबह से कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान सिख समाज के अलावा अन्य समाज के लोग कीर्तन में शामिल हुए। कीर्तन के बाद आम लंगर वरताया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दीपावली के बाद से ही सिख समाज के महिला-पुरूष व बच्चे रोजाना प्रभातफेरी निकालकर गुरूबाणी जन-जन तक पहुंचा रहे थे। वहीं गुरुद्वारा में रोजाना अरदास से शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में बच्चों ने रस्से से आकर्षक करतब दिखाए। शोभायात्रा का सिख समाज के अलावा अन्य समाज ने भी जलपान व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सिख समाज पदाधिकारी साध संगत वाहेगुरु का खालसा वाहेगुरु की फतेह गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा, बसना दे प्रबंधक कमेंटी के प्रधान जसवंत सिंघ सलूजा ने नवी कमेंटी दे मेंबर दी बॉडी दा गठन किया है जो इस तरह है, संरक्षक लाल सिंघ छाबड़ा, सरिंदर सिंघ तलूजा, मीत प्रधान, त्रिलोचन सिंघ तलूजा, सेक्रेटरी मुखविंदर सिंघ रंधावा, मीत सेक्रेटरी जितेंद्र सिंघ होरा, ख़ज़ांची इकबाल सिंघ छाबड़ा, मीत खजांची प्रभजीत सिंघ रंधावा और भारी जनसंख्या में उपस्थित रहे।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट · कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) · स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर · भिलाई · बिलासपुर · रायपुर · जगदलपुर · कोरबा
47 YEARS OF TRUST
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे · सोरायसिस · स्किन एलर्जी · पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा · पीआरपी थेरेपी · एलोपेसिया
अर्टीकेरिया · फंगल इनफेक्शन · टेली कंसलटेशन · लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

### दाल कारोबारियों के लिए सरकार के नए निर्देश, जिला स्तर पर की जाएगी सख्त निगरानी

**महासमुंद।** भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा दाल के व्यापारियों (मिलर्स, डीलर्स, ट्रेडर्स, स्टॉकिस्ट, आयातक) को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं। जिला स्तर पर इन निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशासनिक कार्रवाई तेज कर दी गई है।खाद्य अधिकारी ने बताया कि दाल कारोबारियों को निर्देश दिया गया है कि अरहर और अन्य दालों (काबुली चना को छोड़कर) पर लागू स्टॉक सीमा का पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी व्यापारी जो अभी तक पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें तत्काल पंजीकरण कराना होगा। साथ ही अपने स्टॉक की नियमित घोषणा उपभोक्ता मामले विभाग के पोर्टल पर दर्ज करनी होगी। मौजूदा स्थिति के अनुसार, राज्य में लगभग 50 प्रतिशत पंजीकृत व्यापारियों द्वारा ही स्टॉक की घोषणा की जा रही है। शेष व्यापारियों को भी नियमित घोषणा करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी व्यापारी का स्टॉक निर्धारित सीमा से अधिक पाया जाता है, तो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी और मामला सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा। दालों की निगरानी और मॉनिटरिंग के लिए मनीष यादव सहायक खाद्य अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। त्योहारी मौसम में दाल की कीमतों पर अनुचित वृद्धि को रोकने के लिए प्रशासन सक्रिय रूप से सतत निगरानी करेगा। प्रशासन को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्रभार क्षेत्र में खुदरा संघों के साथ समय-समय पर बैठकें आयोजित करें। दाल कारोबारियों को पोर्टल पर स्टॉक की घोषणा करने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके अलावा, बड़े खुदरा विक्रेताओं द्वारा 30 किलो के थोक पैक में दाल बेचने की गतिविधियों पर भी नजर रखी जाएगी, ताकि जीएसटी से बचने के प्रयासों को रोका जा सके।

## खबर संक्षेप



### आंवला पेड़ की पूजा अर्चना कर भोग प्रसाद का लिया आनंद

**बिरकोनी।** कार्तिक पूर्णिमा पर्व शुक्रवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। तालाब में प्रातःकाल से स्नान व पूजा चलता रहा। इस मौके पर महिलाओं ने पूरी आस्था के साथ आंवला वृक्ष की पूजा की। अपने आसपास एकत्रित होकर पूजन के बाद छांव में बैठकर भोजन किया। आंवला वृक्ष पर रक्षा सूत्र बांधकर परिवार की खुशहाली के लिए कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर के उद्यानों में समूह में बच्चे सहित परिवार के सदस्यों ने अनेक प्रकार के व्यंजन बनाकर भोजन का आनंद लिया। चंडी मंदिर परिषद नर्सरी, औद्योगिक क्षेत्र, बड़गांव में मोहखार, बरबसपुर में आमा बगीचा, अछरीडीह में महामाया मंदिर बगीचा विभिन्न स्थानों में महिलाएं और बच्चे अलग अलग टोली पहुंची। जिससे यहां पिकनिक जैसा माहौल रहा। दोपहर से शाम तक चहल पहल रही। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार भगवान विष्णु को आंवला अति प्रिय था। इसलिए आंवला पेड़ के नीचे भोजन करने से अति प्रसन्न होते है।

### विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के पार्षद सभापति धर्मेंद्र यादव ने जनता की शिकायतों व समस्याओं



को लेकर महासमुंद कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। धर्मेंद्र ने बताया नगर के छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र में समस्या आ रही है। छात्रों के परिजन के पास जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कोई भी सरकारी पुराना मिशल रिकार्ड य दाखिला खारिज य अन्य दस्तावेज नहीं है। जिसके कारण छात्रों का जाति प्रमाणपत्र नहीं बन पा रहा है। इसी तरह नगर के प्रमुख समस्याओं में से एक नगर के हृदय स्थल भाठापारा वार्ड नं 12, 13, 14 एवं 15 में सालों से निवासरत गरीब परिवार जो घास जमीन व बड़े जंगल के झाड़ में निवासरत है, जहां वन्य जीव हाथियों का आवागमन भी होता है। इन गरीबों का घर कच्ची व झोपड़ी है, जिससे हाथी आने पर जान माल का डर भी बना रहता है। इन गरीब परिवारों को निःशुल्क घर का पट्टा दिया जाए। ताकि, इन गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जा सके।



### तालाबों में दीपक जलाकर किया दान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दीपावली पर्व मनाया गया। इस पर्व पर महिलाओं ने शाम 6 बजे तालाबों में दीपक जलाकर दीपदान का पुण्य प्राप्त किया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दीपावली पर्व पर सभी देवताओं में दीपक जलाया जाता है।

**आयोजन : छात्रों ने मनमोहक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति**

# स्कूलों में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस एवं आंवला नवमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अंचल के सभी शैक्षणिक संस्थानों में को देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस को बालदिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कई स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया, जिसमें बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। वहीं शाला परिवार एवं अतिथियों द्वारा बच्चों को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। बाल दिवस पर अधिकांश शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों अथवा अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को न्योता भोज भी दिया गया। इसके अलावा कई विद्यालयों में बैकुठ चतुर्दशी के अवसर पर आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना कर आंवला तली कार्यक्रम भी मनाया गया।



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदा में हर्षोल्लास के साथ बाल दिवस एवं कार्तिक पूर्णिमा मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शारदा तिवारी अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख अभिमन्यु षड़ंगी ने की। विशिष्ट अतिथियों में नीलांबर तांडी सांसद प्रतिनिधि, सरपंच कमलेश्वरी दीवान, पूर्व सरपंच कमला पाड़ी, मुरलीधर पादी, बीआरसी सतीश स्वरूप पटेल, नरेश तिवारी, उपेंद्र साहू, विनोद दीवान, संजय दास, सुरेश नाग, महेश भोई, चितरंजन स्वाई तथा संस्था के समस्त शिक्षकगणों एवं नागरिकों व विद्यार्थियों की उपस्थिति में शाला के उद्यान में आंवला पेड़ की पूजा अर्चना कर बैकुंठ चतुर्दशी आंवला तली मनाया गया। पश्चात बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती तिवारी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं विशिष्ट अतिथि श्री तांडी ने भी बच्चों को आने वाले कल का राष्ट्र निर्माता कहा। सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एसके बारिक व आभार प्रदर्शन जीसी दास ने किया। वहीं शासकीय प्राथमिक शाला पतेरापाली में बाल दिवस एवं आंवला तली कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य षडंगी ने बच्चों को भगवान का रूप बताया। बच्चों के साथ आंवला वृक्ष की पूजा की गई। तत्पश्चात बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक शिक्षक प्रमोद सामंतराय द्वारा बच्चों को बाल दिवस मनाने के उद्देश्य बताते हुए एवं पं. जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला गया। उक्त अवसर पर प्रधान पाठक तबारक हुसैन, शिक्षकगण विजय पटेल, विनय कुमार धैर्य, हितेश प्रधान सहित शाला के समस्त स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे। प्रतिभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन बालसी में आज बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व प्रथम सरस्वती माता के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिक्षकों द्वारा बच्चों के लिए तरह तरह के कार्यक्रम तथा गेम का आयोजन किया गया, जिसका सभी बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। सभी शिक्षकों के द्वारा छात्र-छात्राओं को बाल दिवस की बधाई देते हुए उन्हें उपहार दिया गया। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछिया में भी बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्रभारी प्राचार्य एमएल दीवान और मिडिल विभाग के प्रधान पाठक व्हीके नर्मदा के द्वारा सरस्वती माता एवं पं. जवाहरलाल नेहरू के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पूजा अर्चना कर की गई। बाल दिवस पर बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के गीत एवं भाषण प्रस्तुत किए गए। संस्था के शिक्षक के सी स्वाई, एमएल दीवान और श्री नर्मदा द्वारा पं. नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला गया। साथ ही गीत, भजन, भाषण के अतिरिक्त विद्यालय में खेलकूद, रंगोली, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन संस्था के शिक्षक लक्ष्मण पटेल ने किया। इसी तरह कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री में 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय के सभी स्टाफ द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य साखीराम पटेल, शिक्षक सुशील सतपथी, पुष्पा नायक, चेतन कुमार पटेल के द्वारा मां शारदे एवं पं. जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. जयदेव सतपथी की मूर्ति पर भी माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में सोमेश्वर प्रसाद नायक कार्यक्रम अधिकारी, सहायक जन्म जय पटेल, लीलांबर पटेल, गुण सागर पटेल, सुनीता नायक, रितेश पटेल, अनंतराम पटेल, किशन बाघ, वेदप्रकाश नायक आदि मौजूद रहे।

## कानून-व्यवस्था का जिम्मा क्या चोरों और अपराधियों के हाथों में सौंप दिया गया है : डॉ. रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ.रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि जिला मुख्यालय में दिनदहाड़े चोरी की घटना से यह स्पष्ट हो गया है कि जिले की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। कलेक्टोरेट जैसे अतिसंवेदनशील क्षेत्र में जहां हर समय पुलिस और प्रशासन का जमावड़ा रहता है, जहां कलेक्टर और पुलिस कप्तान का कार्यालय है, वहां अपराधी बेखौफ होकर कार का शीशा तोड़कर 3 लाख रुपए ले उड़े। यह घटना जिले में कानून व्यवस्था की लचर स्थिति का जीता-जागता उदाहरण है। कांग्रेस नेत्री ने सवाल उठाया है कि अगर अपराधी इतनी बेधड़क होकर मुख्यालय के भीतर ही वारदात कर सकते हैं, तो आम जनता का क्या हाल होगा? जिले में कानून व्यवस्था का कोई अस्तित्व बचा है या पुलिस केवल नाम की रह गई है? जारी बयान में डॉ. रश्मि ने कहा है कि शर्म की बात है कि कलेक्टोरेट जैसे अतिसंवेदनशील क्षेत्र में समाज कल्याण विभाग दफ्तर के ठीक सामने दिनदहाड़े यह वारदात हुई और प्रशासन के सीसीटीवी कैमरे भी खराब और बंद हालत में महज शो पीस बने पाए गए। यदि इस घटना से भी प्रशासन और पुलिस नहीं जागती है, तो जनता को यह मान लेना चाहिए कि कानून-व्यवस्था का जिम्मा अब चोरों और अपराधियों के हाथों में सौंप दिया गया है। चोरों का साहस तो देखिए। यह घटना न सिर्फ प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है, बल्कि अपराधियों के बढ़ते हौसले को भी दर्शाती है। सवाल यह है कि आखिरकार इतनी बड़ी घटना के बावजूद प्रशासन और पुलिस की नींद कब खुलेगी? या फिर यह मान लिया जाए कि अपराधियों का पुलिस पर अब कोई डर नहीं बचा? शहर के भीतर सुरक्षा व्यवस्था का यह हाल है, तो ग्रामीण इलाकों में



क्या स्थिति होगी, इसकी सिर्फ कल्पना ही की जा सकती है। डॉ. रश्मि ने कहा है कि पुलिस और प्रशासन का रवैया अपराधियों को अप्रत्यक्ष रूप से हौसला दे रहा है। यह घटना केवल एक चोरी नहीं है, बल्कि यह उस भरोसे पर चोट है जो जनता ने पुलिस और प्रशासन पर किया था। यह अकेली घटना भी नहीं है, जिले में आए दिन ऐसी वारदातें हो रही हैं, जिनसे कानून व्यवस्था और आम जनता की सुरक्षा को लेकर सवालिया निशान लग रहे हैं। कई तरह के अपराधों और अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के हौसले बुलंद हैं तथा आम जनता बेबस और परेशान है। जनता के कथित प्रतिनिधियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, चुनाव जीतने के बाद उन्हें केवल अपनी चिंता है। पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर नकारा साबित हो चुकी है।

## गौरव विद्या मंदिर में बाल दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्थानीय गौरव विद्या मंदिर उत्तर माध्यमिक विद्यालय में बाल दिवस पर विविध कार्यक्रम हुए। सर्वप्रथम विद्यालय के संचालक तेज कुमार पंडा, प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी, प्रधानाचार्य रामचंद्र बाईल द्वारा मां सरस्वती एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र के समक्ष दी प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत विद्यालय में खेल प्रतियोगिता रंगोली, चित्रकला एवं सामान्य ज्ञान भी इसमें सभी बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। प्ले कक्षा में जलेबी दौड़ में प्रथम ताजुल अली, द्वितीय अजमत खान। कक्षा पहली में मेंढक दौड़ में प्रथम चंद्र कुमार, तानिया सेठ, द्वितीय में कुशांत यादव, सानिया यादव। दूसरी कुर्सी दौड़ में प्रथम नेहा बंजारा, तेज प्रताप, द्वितीय ट्विंकल दीवान और अंशु यादव तीसरी, कुर्सी दौड़ प्रथम मिशा प्रधान, खोनेश मलिक दूसरा, संस्कृति यादव, विशाल गड़तिया या



चौथी बोरा दौड़ और प्रथम राहत, द्वितीय मुरारी, त्रिटंगी दौड़ में प्रथम माधुरी केंवट, मुस्कान निषाद, द्वितीय पूर्वी मलिक, साक्षी यादव, चम्मच दौड़ में प्रथम सुमन डडसेना, रंजन यादव द्वितीय, दीपांजलि नंद, भावेश साहू, रंगोली व चित्रकला मानसी निषाद, रितिक साहू, चित्रकला में प्रथम सुशांतो, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में हाईस्कूल नीलू पटेल, धोती, रोशनी सिंह, स्वरित पाणिग्राही, हायर सेकंडरी से प्रथम प्रिया पटेल, ड्यूटी खुशबू नायक, प्रतियोगिता में जलपुर से गीता पटेल व मुक्त चौधरी, पत्रपाली से भारती प्रधान, सेमलिया से कुमुदिनी साहू रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संचालक द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सरवरी निशा एवं माधुरी पटेल ने दी है।

## सरकार की सोच और एप का अंतर स्पष्ट दिखता है : अंकित

### शराबबंदी पर घड़ियाली आंसू बहाने वालों की असलियत सामने आ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पहले शराब का सरकारी करण किया, अब सरकार आते ही अहाते खुलवाए, कीमतों में वृद्धि और अब मनपसंद एप

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि 24 वर्षीय छत्तीसगढ़ ने 8 वर्षीय कांग्रेस व 16 वर्षीय भाजपा शासन काल को देखा और प्रदेश के अंदर सरकारें आईं, सरकारें गईं। परंतु, प्रशासनिक व्यवस्था वही रही और प्रशासन का काम पूरी तरह शासन की इच्छा पूर्ति करते रहना होता है। लगातार छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध की खबरें छप रहीं है, सरकार पर कर्ज इन 10 माह की नई डबल इंजन की भाजपा सरकार में कई गुना बढ़ रहा है। महंगाई बढ़ रही है, बेरोजगारी बढ़ रही है, सरकार की शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का हाल बुरा होता जा रहा है और डबल इंजन की साय सरकार इसे संभालने में ना काम हो रही है। अंकित ने बताया कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने कोरोना



की विभीषिका में ई पास एप, पढ़ाई तुंहर द्वार एप, आम नागरिकों की सहायता के लिए कवच एप, किसानों की धान खरीदी के लिए टोकन तुंहर हाथ एप, नागरिक पुलिस मित्रता के लिए सीजी कॉप एप, महिला सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग एप, मितान योजना, आरटीओ सेवाओं की घर पहुंच सेवा जैसे अनगिनत एप और नागरिक सुविधाओं को बढ़ाया और यहां के किसान और व्यापारियों को सबल बनाया। वहीं दूसरी तरफ इस प्रदेश में अवैध रेत उत्खनन, गांव-गांव में शराब की अवैध बिक्री दिन प्रतिदिन बढ़ रही है, ऐसे में छत्तीसगढ़िया नौनिहालों के भविष्य की चिंता छोड़ साय सरकार ने मदिरा प्रेमियों के लिए मनपसंद एप लांच किया है। जिसके माध्यम से कौन सी शराब कहां उपलब्ध है जाना जा सकेगा और अपनी पसंद मंगवाई भी जा सकती है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में शराब का सरकारीकरण करने वाली भाजपा ने 2023 में सरकार बनते ही शराब की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि की, शराब प्रेमियों के लिए शराब दुकान में ही पीने की व्यवस्था के लिए अहाता के ठेके दिए और अब मदिरा प्रेमियों के लिए मनपसंद एप लांच किया है। ताकि, अब शराब प्रेमी अपनी मनपसंद शराब पी सकें और उपलब्ध ना होने पर आर्डर भी कर सकेंगे। अंकित ने वर्तमान साय सरकार से निवेदन किया कि छत्तीसगढ़ के युवा भविष्य की चिंता करते हुए प्रदेश में स्वरोजगार के अवसर पैदा करें, शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था सुधारें न कि शराब के बैठा कर पिलाने की व्यवस्था और मनपसंद शराब पिलाने की चिंता करें बजाए की नशाबंदी की ओर बढ़ने के वर्तमान भाजपा सरकार नशाखोरी को बढ़ावा देते हुए दिख रही है जो बेहद चिंतनीय है।

## विधायक ने किया साहू समाज के भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्राम बंसुला में कुबेर साहू समाज (हरदिहा तेली) के सामाजिक भवन निर्माण का भूमिपूजन विधायक डॉ संपत अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं उपेंद्र साहू की अध्यक्षता में हुआ। विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे साहू समाज का मूल उद्देश्य सेवा और समर्पण है। समाज में जिस तरह युवाओं और माताओं का सहभागिता बढ़ी है। उससे हममें ऊर्जा का संचार होता है। इस दौरान प्रमुख रुप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, जनपद पंचायत पिथौरा सभापति सोहन पटेल, विधायक प्रतिनिधिगण अरविंद मिश्रा, सोनू छाबड़ा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष संजय भोई, सरपंच जन्मजय साव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सोमनाथ पांडे, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज



अग्रवाल, तेली समाज परिक्षेत्र नरेंद्र साहू, ब्लाक अध्यक्ष विजय साहू, अध्यक्ष गजेन्द्र साहू, पूर्व अध्यक्ष उपेंद्र साव, पूर्व सरपंच नवीन साहू, विजय पटेल उपस्थित थे।

### अंकोरी में 879 कट्टा धान जब्त, अधिकारियों से बदसलूकी और दुर्व्यवहार करने पर आरोपी को भेजा गया जेल

**महासमुंद।** बसना अनुविभागीय अधिकारी मनोज खांडे के निर्देशन में बीते कल देर रात बसना के ग्राम अंकोरी में विशाल गजेंद्र और जगदीश सिदार के घर में क्रमशः 479 और 400 कट्टा धान के अवैध भंडारण पर सख्ती बरतते हुए कुल 879 कट्टा धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि अंकोरी के विशाल गजेंद्र और जगदीश सिदार के घर में बिना पर्याप्त दस्तावेज के धान का भंडारण किया गया है। तत्पश्चात राजस्व की टीम ने छापामार कार्रवाई की और दस्तावेज मांगे, परंतु पर्याप्त दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ रहे। इस मामले में प्रशासन द्वारा धान को जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत करवाई कर जब्त किया गया था। कार्रवाई के पश्चात जांच में गए अधिकारियों के साथ विशाल गजेंद्र द्वारा बदसलूकी और दुर्व्यवहार किया गया। साथ ही देख लेने की धमकी भी दी गई। उक्त कृत्य के चलते अनुविभागीय अधिकारी मनोज खांडे द्वारा कार्रवाई करते हुए विशाल गजेंद्र को जेल भेजा गया। ज्ञात है कि कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर अवैध परिवहन और भंडारण पर लगातार सख्ती से कार्रवाई की जा रही है और जांच में दोषी पाए जाने वालों पर उचित कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी मनोज खांडे, तहसीलदार ममता ठाकुर फ़ूड इंस्पेक्टर, मंडी उपनिरीक्षक, पटवारी मौजूद थे।

## स्वच्छता दीदियों की मांगों को शीघ्र पूर्ण करें सरकार : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली स्वच्छता





दीदीयों के तीन दिवसीय धरना के अंतिम दिन शनिवार समर्थन देने नपा सभापति व युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव निखिलकांत साहू धरना स्थल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता दीदीयों की धरना को जायज बताते हुए कहा कि शहर को साफ व स्वच्छ रखने में स्वच्छता दीदीयों की महत्वपूर्ण योगदान है। बढ़ती महंगाई के दौर में इतने कम रुपए में काम करना किसी भी कर्मचारी के लिए बहुत मुश्किल होता है। इसलिए सरकार को संवेदनशीलता के साथ इनकी सैलरी को तत्काल बढ़ाने का निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को कलेक्टर दर पर सैलरी देना चाहिए। जिससे वे भी अपना घर आसानी से चला सके। साथ ही ईपीएफ का भी लाभ मिले।

हफ्ते में एक दिन की छुट्टी मिले। जो स्वच्छता दीदीयों का अधिकार है। साहू ने कहा कि महज तीन दिन के लिए स्वच्छता दीदीयों के काम बंद करने से शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ गई है। इसलिए सरकार को सकारात्मक निर्णय लेते हुए तत्काल इनकी मांगें पूर्ण किया जाना चाहिए। आज आंदोलन स्थल पर पालिका में कार्यरत समस्त 170 स्वच्छता दीदीयों ने धरना देकर रैली निकालकर कलेक्ट्रेट ऑफिस पहुंचकर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपा। इस दौरान साहू भी कलेक्ट्रेट तक उनके साथ पैदल चले।

## होली फेथ स्कूल में लगा आनंद मेला



**महासमुंद।** द न्यू होलीफेथ स्कूल में पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन पर बाल दिवस एवं आनंद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती देवी एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू के तैल्याचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण अतिथि स्वरूप सादर आमंत्रित कक्षा नर्सरी के नन्हे बच्चों के द्वारा शिक्षिका ललिता चंद्राकर एवं अनीशा यदु के मार्गदर्शन से हुई। कार्यक्रम में संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, किशोर शुक्ला, कविता पींचा कोषाध्यक्ष, संजय मालू, पीयूष लूनिया, दिलीप बोथरा एवं प्राचार्या सरवरी पींचा मौजूद रहे। यह कार्यक्रम प्रातः व संध्याकाल में दो सत्र में हुआ। प्रातः कालीन समय में बालदिवस एवं संध्या कालीन में फन फेयर कार्यक्रम की सुनियोजित रुप से हुआ। कार्यक्रम वरिष्ठ शिक्षिका सविता चंद्राकर एवं हृतिक साहू द्वारा तैयार की गई। उद्बोधन की कड़ी सर्वप्रथम संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन ने स्वतंत्र देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के अभूतपूर्व योगदान पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को बताए कि नेहरू बच्चों से बहुत स्नेह करते थे।









